दिनांकः 03.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।
- राज्य में मतदाता सूची एसआईआर प्रक्रिया के तहत 5 करोड़ 39 लाख गणना प्रपत्र ईसीआई नेट पर अपलोड–94 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग कर राजस्थान देशभर में पहले स्थान पर।
- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस आज–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में।
- प्रदेश में आज से शेखावाटी क्षेत्र में तीन दिन शीतलहर का अलर्ट।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी ओदशों के अनुसार दोपहर तीन बजे मंत्रिमंडल बैठक बुलाई गई है। इसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में कई विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। इसमें 10 दिसम्बर को होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। वहीं मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की जा सकती है। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों के बाद हो रही इस बैठक को मंत्रिमंडल में होने वाले संभावित फेरबदल और नई राजनीतिक नियुक्तियों से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

000

केन्द्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्री एस.पी. सिंह बघेल कल शाम भरतपुर पहुंचे। उन्होंने नयी मंडी में व्यापारियों से बातचीत की। इस दौरान श्री बघेल ने मंडी की व्यवस्थाओं और कारोबारियों को होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय नेताओं के साथ भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

000

राज्य में एसआईआर 2026 की प्रक्रिया के तहत अब तक 5 करोड़ 39 लाख से अधिक गणना प्रपत्र ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके हैं। ये कुल मतदाताओं का 98 दशमलव सात आठ फीसदी है। राजस्थान ने ये उपलब्धि निर्धारित समय सीमा से पहले ही हासिल कर ली है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 94 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग कर राजस्थान देशभर में पहले स्थान पर है। श्री महाजन ने बताया कि प्रदेश के पांच जिलों बाड़मेर, बालोतरा, सलूम्बर, झालावाड़ और फलौदी में सभी गणना फॉर्म डिजिटाइज कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 40 हजार से ज्यादा पोलिंग बूथों पर बीएलओ ने शत–प्रतिशत काम पूरा कर लिया है।
प्रदेश के दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण काम को लेकर लोगों से बीएलओ को सहयोग करने की समझाइश की जा रही है। इसी कड़ी में बाडमेर जिले के सेड़वा के उपखंड अधिकारी बद्री नारायण बिश्नोई ने बताया कि वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण के लिए ये काम किया जा रहा है।

............

000

प्रदेश के सभी बड़े अस्पतालों में सेवाओं में व्यापक सुधार के लिए प्रभावी फीडबैक सिस्टम लागू किया जाएगा। इसमें अस्पतालों में आने वाले रोगी और उनके परिजन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अपना फीडबैक दे सकेंगे। इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कल जयपुर में जे.के. लोन अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान ये निर्देश

दिये। मीडिया से बातचीत में श्रीमती राठौड़ ने कहा कि फीडबैक सिस्टम लागू होने से रोगियों और परिजनों को अस्पतालों में आने वाली परेशानियों की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी। साथ ही उनके सुझावों के आधार पर सुधार किया जा सकेगा।

...............

000

प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर अब सेवा तीर्थ कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राजभवन और राज निवास का नाम बदलकर लोकभवन और लोक निवास किया जा रहा है। उन्होंने विकसित और श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में इसे मील का पत्थर बताया है, जिसमें सेवा और सुशासन प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। इधर, प्रदेश में भी राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि केन्द्र सरकार की पहल पर ये निर्णय लिया गया।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। दिव्यांगों के अधिकारों, सामाजिक सहभागिता और सशक्तिकरण के लिए ये दिन समर्पित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में दिव्यांगों के कल्याण के लिए किये जा रहे अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी इसमें शामिल होंगे। भारतीय दिव्यांग संघ की ओर से जवाहर कला केन्द्र में होने वाले कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े शिरकत करेंगे।

000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालकों से मंगला पशु बीमा योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान किया है। पशुपालन मंत्री ने कल जोधपुर के मथानिया में इस योजना के तहत लगाये गये शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री कुमावत ने पशुपालकों से कहा कि 1 दिसम्बर से शुरू हुए इस चरण में प्रदेशभर के 21 लाख दुधारू पशुओं का निःशुल्क बीमा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा और संबल मिलेगा।

जिलों में राजस्व गांवों में इसके लिए शिविर लगाये जा रहे हैं। झुंझुनूं में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक शिव कुमार सैनी ने बताया कि बीमा कराने पर पशुपालकों को तुरंत ही प्रमाण पत्र देने की तैयारी की गई है।

.................

000

प्रदेश में शहरों के पारे में उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश के 6 शहरों का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 4 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस के साथ बीकानेर के लूणकरणसर की रात सबसे सर्द रही। सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित कल विभिन्न स्थानों पर सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहा। इससे कई जगह दृश्यता काफी कम रही। वहीं राजधानी जयपुर, करौली और अन्य स्थानों पर दिन के समय तेज धूप से सर्दी से राहत बनी हुई है।

मौसम विभाग ने आज से 5 दिसम्बर तक शेखावाटी क्षेत्र में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान में इस बार दिसम्बर, जनवरी और फरवरी में कड़ाके की सर्दी पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि हालांकि अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट की संभावना है।

...............

000

प्रदेश में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्री काउंसलिंग का काम शुरू हो गया है। राजस्व मंडल में ये पूर्व परामर्श दिया जा रहा है।

000